IJARSCT
ISSN (Online) 2581-9429
International Journal of Advanced Research in Science, Communication and Technology (IJARSCT)
International Open-Access, Double-Blind, Peer-Reviewed, Refereed, Multidisciplinary Online Journal
Impact Factor: 7.53
Volume 4, Issue 8, April 2024

# सामान्य बीमा निगम की दि न्यू इंडिया एश्योरन्स कम्पनी लिमिटेड की मेडिक्लेम पॉलिसी का समीक्षात्मक अध्ययन

नेहा पुरोहित,
शोधार्थी, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर
डॉ. आषीष पाठक
प्राध्यापक, श्री अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर

शोध सारांष

मानव जीवन में स्वास्थ्य का मुख्य प्रमुख स्थान हैं यदि किसी भी व्यक्ति का स्वास्थ्य ही ठीक नहीं होंगा तो उसके सभी भौतिक सुख–सुविधाओं से लिप्त साधन और ऐष्वर्य प्रायः फीके से पड़ जाते हैं। वर्ष 2000 के उपरांत यह बात सुनने में अच्छी प्रतीत होती हैं कि भारतीय व्यक्तियों की स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ी हैं और उसके बढ़ने से स्वास्थ्य लागत भी निरंतर बढ़ रही हैं। भारत में स्वास्थ्य बीमा का व्यवसाय का क्षेत्र एक बढ़ता हुआ क्षेत्र हैं। प्रायः स्वास्थ्य बीमा होने की स्थिति में व्यक्ति अपनी–अपनी आर्थिक स्थिति के अनुसार स्वयं की एवं परिवार के अन्य सदस्यों की स्वास्थ्य लागत को बनाये रखने का तरीका खोजता रहता हैं। ऐसी परिस्थिति में मेडीक्लेम बीमा पॉलिसी उन व्यक्ति विषेष के लिये रामबाण साबित होती हैं। यह अध्ययन भारत के सामान्य बीमा व्यवसाय की सार्वजनिक कम्पनी दि न्यू इंडिया एष्योरन्स कम्पनी लिमिटेड के लिये किया गया हैं। इस अध्ययन में द्वितीयक संमको के आधार पर दैवनिदर्शनश पद्धत्ति का प्रयोग करके सांख्यिकीय उपकरण की सारणीबद्ध एवं विष्लेषण तकनीक का उपयोग किया गया हैं, ताकि दि न्यू इंडिया एष्योरन्स कम्पनी लिमिटेड की विभिन्न मेडीक्लेम पॉलिसी की विषेषताओं की पहचान करके व्यक्ति सही पॉलिसी का चयन कर सकें।

शब्दकुंजी – मेडीक्लेम बीमा पॉलिसी, दि न्यू इंडिया एष्योरन्स कम्पनी लिमिटेड।